एक नजर में

जनसुनवाई में शिक्षा और इलाज के लिए मिली मदद

इंदौर . कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में जनसुनवाई सम्पन्न हुई . जनसुनवाई में 285 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अनेक का हाथों-हाथ निराकरण किया गया . जिन आवेदनों पर तत्काल निर्णय संभव नहीं था, उनके लिए कलेक्टर ने समय-सीमा निर्धारित की . अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा इनकी साप्ताहिक समीक्षा भी की जाएगी . जनसुनवाई में भरण-पोषण, आर्थिक सहायता, राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विवादों सहित विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए . जहां तत्काल सहायता संभव थी, वहां स्वास्थ्य जांच, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और अन्य आवश्यक कार्रवाई उसी समय की गई . जनसुनवाई के दौरान बालिका याशिका को शिक्षा के लिए मदद दी गई . वहीं सविंद नगर निवासी अंबिका वर्मा ने परिजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने व संपत्ति संरक्षण की मांग की . कलेक्टर ने यह प्रकरण मध्यस्थता केंद्र को सौंपते हुए इसके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए . इसी प्रकार विसवीर सिंह की बालिका के जटिल इलाज हेतु 40 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई . एक दिव्यांग युवती को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई तथा दिव्यांग शकुंतला बाई को रेड क्रॉस से सिलाई मशीन उपलब्ध कराकर रोजगार हेतु सहयोग प्रदान किया गया .

भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित क्विज प्रतियोगिता

इंदौर . श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया . कार्यक्रम महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं विद्यार्थी गतिविधि समिति तथा एन .डी .एल .आई . खड़गपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ . इस प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनके मध्य उत्साहपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक प्रतिस्पर्धा हुई . निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन उपरांत शंकु टीम को विजेता घोषित किया गया . विजेता टीम शंकु में आरुषि जैन, देवकी केलकर, विश्रुति श्रीकोटे, हंसिका पहेलजानी एवं रौनक खटीक थे . कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो . विभोर ऐरन ने की . उन्होंने कहा मानसिक विकास के लिए दिमागी कसरत अत्यंत आवश्यक है . क्विज जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को चिंतन-मनन और ज्ञान-विस्तार का अवसर देती हैं . निर्णायक मंडल में डॉ . भाविक बोरा एवं डॉ . संध्या पुरोहित सम्मिलित रहे . कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक सफल बनाया . संचालन डॉ . वंदना मिश्र द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ . साक्षी मोटवानी ने किया . कार्यक्रम की संयोजक डॉ . वंदना मिश्र रहीं एवं तकनीकी सहयोग प्रो . सत्यम पांचाल द्वारा प्रदान किया गया . विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

श्रीनाथ मन्दिर में संध्या दवे का उपशास्त्रीय गायन 13 को

इंदौर . सुगम संगीत और उप शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में करीब 4 दशकों से सक्रिय गायिका संध्या दवे का उप शास्त्रीय गायन 13 दिसंबर को श्रीनाथ मन्दिर में शाम 7 .30 बजे होगा . इस मौके पर वे भक्ति गीतों की प्रस्तुति भी देगी। की बोर्ड पर पिंटू कसेरा और तबले पर राहुल शर्मा संगत देगे . यह जानकारी देते हुए प्रवीण जोशी ने बताया कि गायिका संध्या दवे इंदौर से गहरा तालुक रखती है . उन्होंने महान संगीतज्ञ शशिकांत ताम्बेसे शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ग्रहण की . लता अलंक रण से सम्मानित गायिका संध्या दवे आकाशवाणी पर अपनी कई प्रस्तुतियां दे चुकी हैं . इसके अलावा उनकी गरबा उत्सव एवं संगीत कार्यक्रमों में भी ढेरों प्रस्तुतियां हो चुकी . इंदौर, नीमच आदि शहरों में वे संगीत की 150 से अधिक प्रस्तुतियां दे चुकी है, संध्या दवे बचपन से गा रही है और यह क्रम आज भी जारी है .

मध्य प्रदेश किसान सभा का जिला सम्मेलन आज महू में

इंदौर . मध्य प्रदेश किसान सभा का जिला सम्मेलन बुधवार को सुबह साढ़े 11 बजे महू में मधुर मिलन मैरिज गार्डन सिमरोल रोड पर होगा . सम्मेलन को किसान सभा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण चौहान संबोधित करेंगे . सम्मेलन का उद्घाटन लॉयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ एडवोकेट बीएल नागर करेंगे . यह जानकारी किसान सभा के जिला अध्यक्ष हीरालाल चौधरी एवं महामंत्री राजू जरिया ने एक विज्ञप्ति में दी गई .

शेख अख्तर भाई सायकिलवाला का निधन

इंदौर . दाऊदी बोहरा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जौहर अली साइकिल वाला व जनसंपर्क समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता फिरोज अली सायकल वाला के पिताजी शेख अख्तर भाई सायकल वाला का 89 वर्ष की आयु में इंतेकाल हो गया है . जनाजे में बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे . अंजुमने सैफी दाऊदी बोहरा जमात के सर्वश्री शेख सैफुद्दीन भाई खंबाती, शेख ताहेर भाई सेठजी वाला, शेख बाकीर भाई दवाई वाला, शेख आबिद लेमन वाला, बुरहानुद्दीन शकरुवाला, मज़हर हुसैन सेठजी वाला, युनुस सलीम, हैदर भाई महुवाला, अमीर इंजिनियर वाला, इकबाल चप्पु, तैय्यब अली मालक, जौहर मानपुर वाला, आदि ने दुख व्यक्त करते हुए खिराजे अकीदत पेश की है .

चायनीज मांझा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई

- चार आरोपियों के जिलाबदर की तैयारी
- दो प्रस्ताव कमिश्नर कोर्ट में

नव भारत न्यूज

इंदौर. रालामंडल में चायनीज मांझे से आठवीं के छात्र की मौत के बाद पुलिस अब पूरी ताकत के साथ इस अवैध कारोबार पर शिकंजा कस रही है. इसी के चलते दो दर्जन से अधिक आरोपी लाखों के मांझे के साथ पकड़े जा चुके हैं. अब पुलिस ऐसे विक्रेताओं पर जिलाबदर की कार्रवाई कर रही है.

डीसीपी राजेश व्यास ने बताया कि एमजी रोड थाना क्षेत्र में पकड़े गए चार आरोपियों की जांच में उनके पुराने आपराधिक रिकार्ड सामने आए हैं. इसी आधार पर दो के खिलाफ जिलाबदर का प्रस्ताव तैयार कर कमिश्नर कोर्ट भेज दिया है, जबकि बाकी दो का प्रस्ताव भेजा जा रहा है. मामला तब गंभीर हुआ, जब रालामंडल के पास चायनीज मांझे से गला कटने पर आठवीं के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई थी. इसके बाद शहरभर में अवैध मांझा बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी गई. अब तक दो दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं और लाखों रुपए कीमत का प्रतिबंधित मांझा जब्त किया जा चुका है. बाणगंगा थाना क्षेत्र में भी एक और आरोपी से 57 बंडल चायनीज मांझा के साथ गिरफ्तार किया था, पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है. यदि कोई पुराना रिकार्ड मिलता है तो उसके खिलाफ भी जिलाबदर की कार्रवाई की जाएगी. मामले में डीसीपी का कहना है कि प्रतिबंधित मांझा बेचने और रखने वालों के खिलाफ अब सिर्फ जब्ती और गिरफ्तारी नहीं, बल्कि जिले से बाहर करने तक की कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि इस खतरनाक धंधे पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके.

चाइनीज मांझे के 59 रोल किए जप्त, युवक गिरफ्तार

वहीं, मल्हारगंज पुलिस ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए 59 रोल अवैध पतंग धागा जब्त किया है . बरामद माल की कीमत करीब साढ़े 29 रुपए आंकी गई है . आरोपी को पकड़कर थाने लाया गया, जहां उसके खिलाफ केस दर्ज उससे पूछताछ की जा रही है . एसीपी मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान ने बताया कि थाना मल्हारगंज की टीम पतंग धागे से संबंधित प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करवाने के लिए लगातार चेकिंग कर रही है, इसी दौरान थाना प्रभारी वेदेंद्र सिंह कुशवाह को सूचना मिली कि रामबली नगर में एक युवक प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहा है . टीम को मौके पर भेजा, जहां युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला . पूछताछ और तलाशी में उसके घर पर रखी गुलाबी प्लास्टिक की बोरी से एक कार्टून मिला, जिसमें चाइनीज मांझे के 59 रोल भरे हुए थे . पुछताछ में युवक ने अपना नाम महेंद्र प्रजापत उम्र 20 साल बताया . पुलिस ने उसके कब्जे से प्रतिबंधित पतंग धागा जब्त करते हुए उसे थाने ले आए और कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ केस दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है .

ड्यूटी में लापरवाह एएसआई की रैंक घटाई बनाया पांच साल के लिए आरक्षक

इंदौर. ऑपरेशन क्लीन के तहत जहां शहर में बाहरी अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं विभाग के भीतर भी लापरवाह और जिम्मेदारी से बचने वाले कर्मचारियों पर गाज गिर रही है. ऐसे ही एक मामले में मंगलवार को एक गंभीर कार्रवाई करते हुए कार्यवाहक एएसआई सुभाषचंद्र वर्मा को दंडित किया है. सूत्रों के अनुसार ड्यूटी के प्रति लापरवाही और बार बार चेतावनी के बावजूद सुधार न होने पर उनकी पदावनति कर पांच वर्ष के लिए आरक्षक बनाया दिया है. उक्त कार्रवाई कमिश्नरेट स्तर पर हाल ही में ऐसी कई कार्रवाइयाँ की गई हैं, जिनमें ड्यूटी से गायब रहने, जिम्मेदारी से बचने और आदेशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं. मामले में अधिकारियों का कहना है कि विभागीय अनुशासन को मजबूत करने के लिए आगे भी ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी.

ब्राउन शुगर की सप्लाई से पहले तस्कर को दबोचा

इंदौर. आजाद नगर पुलिस ने ब्राउन शुगर के एक सप्लायर को गिरफ्तार किया. न्यू आरटीओ रोड पर चेकिंग के दौरान आरोपी संदिग्ध हालात में पकड़ा. जिसके पास से ब्राउन शुगर मिली. आरोपी नशे की यह खेप किसी को सौंपने की तैयारी में था, इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान तनवीर उर्फ तन्नू उम्र 37 निवासी यादव नगर, आजाद नगर के रूप में हुई है. आरोपी के कब्जे से 1.30 लाख कीमत की 13.51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उससे उक्त माल कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने जा रहा था. के बारे में पूछताछ की जा रही है.



देपालपुर में किसानों की खड़ी फसल पर चला बुलडोजर

- पश्चिमी रिंग रोड के लिए प्रशासन की कार्रवाई हुई तेज

इंदौर. पश्चिमी रिंग रोड निर्माण में प्रभावित गांवों में प्रशासन की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है. सांवेर के बाद अब देपालपुर क्षेत्र में भी किसानों की खड़ी फसल पर बुलडोजर चलाए जाने से नाराजगी बढ़ गई है. राजस्व अमले ने रोलाई और ललेड़ीपुरा गांव में करीब 50 किसानों की फसल नष्ट कर दी गई, जिसके बाद किसानों में आक्रोश बढ़ गया है.

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि कई किलोमीटर जमीन पर मशीनें चलाई गईं और मौके पर मौजूद किसानों ने अधिकारियों से गुहार भी लगाई, लेकिन कार्रवाई नहीं रोकी गई. किसानों का आरोप है कि मुआवजा पूर्ण रूप से दिए बिना जमीन पर कब्जा लिया जा रहा है, जबकि कई स्थानीय नेता भी अपनी जमीन प्रभावित होने के बावजूद चुप्पी साधे हुए हैं. किसान नेता ने कहा है कि ऐसी कार्रवाइयों से हालात बिगड़ सकते हैं. उनका कहना है कि पहले किसानों की मांगों का समाधान किया जाए और खड़ी फसल का उचित मुआवजा दिया जाए. उन्होंने अन्य राज्यों की तरह बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह बिना समाधान और मुआवजा दिए फसलें उखाड़ी जा रही हैं, वह किसानों पर असहनीय दबाव बनाने जैसा है. मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर लगातार सवाल उठ रहे हैं.

स्वास्थ्य कार्यक्रमों को एकीकृत दृष्टिकोण से किया जाएगा लागू

- स्वास्थ्य विभाग ने नए साल की कार्ययोजना को लेकर की समीक्षा

नव भारत न्यूज

इंदौर. आगामी वित्तीय वर्ष की स्वास्थ्य कार्ययोजना को जमीन से जोड़ने के इरादे से मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की व्यापक समीक्षा बैठक हुई. बैठक में यह तय किया गया कि योजना बनाते समय जनसंख्या, स्थानीय पर्यावरण और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा कार्यक्रमों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू किया जाएगा.

बैठक की अध्यक्षता अपर मिशन संचालक आईपीएस मनोज कुमार सरियाम ने की. उन्होंने कहा कि जिलाभर में कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जो उपलब्धियां मिली हैं वे सराहनीय हैं, लेकिन अब प्राथमिकता उन क्षेत्रों पर होगी जहां सुधार की गुंजाइश अधिक है, खासकर सीएम हेल्पलाइन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य तथा संचारी और गैर संचारी रोग नियंत्रण.

सरियाम ने योजना निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाने और ईमानदारी, निष्ठा व सही सोच के साथ काम करने पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड अप्रोच अपनाकर ही दीर्घकालिक परिणाम हासिल होंगे. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बैठक में जिले की स्वास्थ्य रणनीति का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया और आगामी कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए संकल्प दोहराया. इस दौरान डॉ. हासानी ने आश्वस्त किया कि ज़िला स्वास्थ्य के सभी प्रमुख सूचकांकों को बेहतर करने के लिए टीम सतत प्रयास करेगी तथा संसाधन और मानवशक्ति के उपयोग को प्रभावी बनाया जाएगा.

समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिए गए...

जनसंख्या और स्थानीय पर्यावरण के अनुरूप लक्षित सुविधाओं का समावेश . मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं व सीएम हेल्पलाइन के जरिए तुरंत रिस्पॉन्स प्रणाली को मजबूत करना . संचारी रोगों की समयोचित पहचान व रोकथाम तथा नॉन-कम्युनिकेबल रोगों के नियंत्रण के लिए सामुदायिक हस्तक्षेप बढ़ाना . नवाचार अपनाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना . राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जनभागीदारी और स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान तेज करना . योजना के क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठापूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करना . बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग की टॉप टीम के अलावा कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने स्थानीय प्राथमिकताओं और जमीन स्तर की आवश्यकताओं पर चर्चा की और अगले चरण के प्रस्ताव पेश किए . अगले कार्यों की रूपरेखा तय करते हुए अपर मिशन संचालक ने जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया .

वन विभाग ने जंगल से 7 संदिग्ध शिकारियों को हथियार सहित दबोचा

- पूछताछ में बोले... तांत्रिक क्रिया से सोना-चांदी खोजने आए थे

महू. ग्राम पंचायत मलेंडी क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने सोमवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए घने जंगल से सात लोगों को हथियारों के साथ पकड़ा है, इनमें एक नाबालिग भी शामिल है. टीम ने इनके पास से एक देसी कट्टा, तलवार और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं.

जानकारी के मुताबिक, ये सभी लोग मलेंडी गांव की मुख्य सड़क से लगभग ढाई-तीन किलोमीटर अंदर जंगल में अलाव जलाकर बैठे थे. वन विभाग को इनकी मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई. पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे जंगल में सोना-चांदी खोजने के लिए तांत्रिक क्रिया करने आए थे. हालांकि, वन विभाग के अधिकारी हथियारों की बरामदगी को देखते हुए जंगली जानवरों के शिकार की आशंका जता रहे हैं. विभाग इस संबंध में गहन जांच कर रहा है.

तीन टीमों ने मिलकर घेरा

वन विभाग के रेंजर नयन कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात मलेंडी के जंगल में कुछ लोगों के अलाव जलाकर बैठे होने की सूचना मिली थी . इसके बाद तीन टीमें बनाकर जंगल में तलाशी अभियान चलाया गया . टीम के सदस्य अलग-अलग दिशाओं से पेड़ों की आड़ में छिपते हुए मौके तक पहुंचे . वनकर्मियों को देखकर आरोपियों ने हमला करने का भी प्रयास किया, जिसे विफल कर दिया गया और सभी सात आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया . तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद हुए . पकड़े गए सभी आरोपियों को वन विभाग कार्यालय लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है . साथ ही हथियारों के साथ जंगल में उनकी मौजूदगी के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है .

सेना के आधुनिकीकरण और नई चुनौतियों पर हो रहा मंथन

- महू इन्फेंट्री स्कूल में इन्फेंट्री कमांडर्स कांफ्रेंस शुरू

महू. इन्फेंट्री स्कूल, महू में मंगलवार से 38वीं इन्फेंट्री कमांडर्स कांफ्रेंस शुरू हो गई. यह कांफ्रेंस 11 दिसंबर तक चलेगी. इसमें इन्फेंट्री के परिचालन, प्रशिक्षण और प्रबंधन पहलुओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी.

इस कांफ्रेंस में सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम के साथ-साथ देशभर से आए वरिष्ठ इन्फेंट्री अधिकारी भी भाग ले रहे हैं, जिनमें फॉर्मेशन कमांडर, रेजीमेंट के कर्नल, रेजीमेंटल सेंटर कमांडेंट और चयनित कमांडिंग ऑफिसर शामिल हैं. यह आयोजन मुख्य रूप से महू में हो रहा है और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश भर के विभिन्न सेन्य केंद्रों से जुड़ा हुआ है.

अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई

इस कांफ्रेंस के दौरान अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है, जिनका हाल ही में इन्फेंट्री में समावेश किया गया है . इन हथियार प्रणालियों और शस्त्रों का शक्ति प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो इन नई प्रणालियों और गोलाबारी की क्षमता को प्रदर्शित करेगा . इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य इन्फेंट्री के आधुनिकीकरण, पुनर्गठन, मानव संसाधन प्रबंधन और भविष्य के विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा करना है . इन विचार-विमर्शों के माध्यम से ऐसे नवाचारों पर विचार किया जाएगा, जो इन्फेंट्री को राष्ट्रीय सुरक्षा के उभरते हुए खतरों से निपटने में और अधिक सक्षम बनाने में मदद करेंगे .

भीम जन्मभूमि विवाद : पंजीयक कार्यालय भोपाल में पहली सुनवाई 12 को

महू. संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की जन्मभूमि महू स्थित राष्ट्रीय स्मारक की संस्था डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और फर्जीवाड़े को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश पर पंजीयक कार्यालय भोपाल में पहली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी.

आरोप है कि सोसायटी के 23 सदस्यों में से अल्पमत वाले सिर्फ 3 सदस्यों ने नकली बहुमत बनाने, आपराधिक षड्यंत्र रचकर भाई, भतीजों, रिश्तेदारों और पद प्रतिष्ठा के लालची लोगों को फर्जी सदस्यताए दीं और रात के अंधेरे में राष्ट्रीय स्मारक के ताले तोड़कर सदस्यों को जान से मारने की धमकी देकर सोसायटी पर अवैध कब्जे किया. वहीं, अंतरराष्ट्रीय महत्व के स्मारक पर राजनीतिक दबाव में सहायक पंजीयक इंदौर ने जानबूझकर मामले में अनदेखी कर गंभीर लापरवाही बरती, जिसका खामियाजा पीड़ित सदस्यों को जेल जाकर भुगतना पड़ा.

ज्ञात हो कि लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ धराए सहायक पंजीयक बीडी कुबेर द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई नहीं करने पर दो तिहाई बहुमत वाले सदस्यों ने हाईकोर्ट की शरण ली. इस पर हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव उद्योग विभाग भोपाल और पंजीयक फर्म्स एवं सोसायटीज भोपाल को समिति के विधान के नियम 21 और अधिनियम की धारा 32 के तहत शीघ्र निर्णायक कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे. । इस पर पंजीयक ने 12 दिसंबर को सुनवाई की तारीख तय की है.

धावकों ने लोंगेवाला बॉर्डर रन में बढ़ाया शहर का मान

- 160 और 100 किमी कैटेगरी में इंदौर के 16 धावकों का शानदार प्रदर्शन
- 50 किमी वर्ग में मनीष गौड़ ने पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल कर इंदौर का नाम रोशन किया

इंदौर. देश की सबसे कठिन रेसों में से एक जैसलमेर से लोंगेवाला तक होने वाली बॉर्डर रन में इंदौर के धावकों ने न केवल अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि पूरे देश में इंदौर का नाम भी रोशन किया. रोमांच और चुनौती से भरी इस प्रतिष्ठित दौड़ में इंदौर से कुल 16 रनर्स ने हिस्सा लिया, जिनमें सभी ने सफलतापूर्वक अपना-अपना रन पूरा किया.

160 किलोमीटर की अल्ट्रा रन में इंदौर के अंकित मेहता ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई. वहीं, 100 किलोमीटर कैटेगरी में सौरभ जैन, आशुतोष व्यास, अमृतेश मोदी, अम्वेश राजपूत, ज्योतिर व्यास, अमीषा जैन, सपना सोजतिया, सार्थक कापड़े और चिंतन देसाई जैसे धावकों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया. इन धावकों ने कठिन परिस्थितियों और लोंगेवाला के चुनौतीपूर्ण मार्ग को पार करते हुए सफलतापूर्वक फिनिश लाइन तक पहुंचकर इंदौर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया. 50 किलोमीटर की श्रेणी में भी इंदौरी धावकों ने अपना जलवा बिखेरा. इस श्रेणी में मनीष गौड़, अखिलेश जैन, राजीव लाठ, नीरज सचदेव, गौतम झालानी और विनीत रामचंदानी ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया. विशेष रूप से मनीष गौड़ ने पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल कर इंदौर का मान बढ़ाया. यह उपलब्धि इस कठिन रेस की कठिनाइयों को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

इंदौर की सपना सोजतिया100 किमी में नंबर वन

इंदौर की महिला शक्ति ने भी इस वर्ष शानदार प्रदर्शन किया और यह साबित कर दिया कि बॉर्डर रन में वे भी कुछ कम नहीं . 100 किलोमीटर रन पूरा करने वाली सपना सोजतिया ने मात्र 14 घंटे में दौड़ पूरी कर इंदौर की महिला धावकों में पहला स्थान प्राप्त किया .उनकी इस उपलब्धि ने न केवल इंदौर का गौरव बढ़ाया, बल्कि महिला धावकों के उत्साह को भी नई ऊर्जा दी और राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया .

एक नजर में — अखंड धाम पर चल रहे 58वें अभा संत सम्मेलन में आज सुबह होगी हजारों दीपों से महाआरती

वेद-वेदांत और धर्म-संस्कृति की ताकत से हमारा देश फिर से बनेगा विश्व गुरु : स्वामी चिदंबरानंद

इंदौर. भारत भूमि में हमारा जन्म लेना तभी फलीभूत होगा, जब हम अपनी सनातन संस्कृति के अनुरूप आचरण करेंगे. भारत भूमि की पहचान धर्म से है, धन से नहीं. विश्व में अब क्रांति का नेतृत्व भारत ही करेगा. आज पूरी दुनिया में वेदांत और भारतीय सनातन संस्कृति से जुड़े संतों की वाणी गूंज रही है. वेदांत का मूल तत्व ज्ञान ही है. ज्ञान के अभाव में मनुष्य का आचरण पशुवत माना गया है. वेद-वेदांत और धर्म-संस्कृति की ताकत से ही हमारा देश एक बार फिर से विश्व गुरु बनेगा, इसके संकेत हम रोजाना देख रहे हैं.

ये ओजस्वी विचार हैं मुंबई से आए महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती के, जो उन्होंने मंगलवार को बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर चल रहे 58वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन की धर्मसभा में व्यक्त किए. सम्मेलन में आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ.स्वामी चेतन स्वरूप की अध्यक्षता में, सिद्धपीठ आश्रम उज्जैन के महामंडलेश्वर स्वामी नारदानंद, वेनेजुएला, साउथ अमेरिका से आई साध्वी शीला माँ, स्वामी परमानन्द, हंसदास मंठ के महामंडलेश्वर महंत रामचरणदास महाराज, पं. पवनदास महाराज, अ. भा. संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी रामकृपाल दास, रतलाम के महामंडलेश्वर स्वामी देवस्वरूप एवं साध्वी नीलभारती, भीलवाडा से आए स्वामी प्रकाशानंद, वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश्वरानंद, वृंदावन से ही आए स्वामी केशवानंद, डाकोर के वेदांताचार्य स्वामी देवकीनंदनदास, साध्वी आदित्य चेतना गिरि, चौबारा जागीर के संत नारायणनानंद, उज्जैन के वेदान्ताचार्य स्वामी वीतरागानंद, नैमिषारण्य से आए स्वामी पुरुषोत्तमानंद, एवं संत राजानंद ने भी अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए. महापौर पुष्यमित्र भार्गव, उज्जैन सिंहस्थ में मेला प्रभारी रहे वरिष्ठ नेता माखन सिंह, भारत माता की आरती गाने वाले बाबा सत्यनारायण मौर्य, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, रामबाबू अग्रवाल, राजेश रामबाबू, दिनेश गोयल पचोर, हाई कोर्ट बार एसो के अध्यक्ष रीतेश इनानी, सचिव लोकेश मेहता, पोरवाल समाज के अध्यक्ष सीए संजय गुप्ता, चम्बल क्षेत्र अग्रवाल समाज के समाजसेवी अतुल अग्रवाल, डी एल गोयल, शरद गुप्ता सहित अनेक विशिष्ठ अतिथियों ने संत सम्मेलन में पहुंचकर देश-विदेश से आए संतों का अभिनंदन और सम्मान किया.

इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से स्वागताध्यक्ष विष्णु बिंदल, अध्यक्ष हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, दीपक जैन टीनू, भावेश दवे, ठा. विजय सिंह परिहार, डॉ. कमल हेतावल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, राजेंद्र सोनी, विनय जैन, महेंद्र विजयवर्गीय, जवाहरलाल शर्मा, राजेंद्र गर्ग, मुरलीधर धामानी, राहुल शर्मा आदि ने सभी संतों एवं मेहमानों का स्वागत किया। मंच का संचालन हरि अग्रवाल एवं स्वामी नारायणानंद ने किया.

सनातन धर्म ही सत्य

उज्जैन सिद्धाश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी नारदानंद महाराज ने कहा कि परमात्मा का सृष्टि में मनुष्य को नर से नारायण बनने के भी अवसर उपलब्ध हैं . सनातन धर्म ही सत्य है . वृंदावन-हरिद्वार से आए स्वामी जगदीश्वरानंद ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि संसार के मोह-माया के जंजाल से मुक्त हों, लेकिन यह मुक्ति हमें किसी सेना या हथियार की मदद से नहीं, बल्कि सद्ग्रंथ, सदगुरू और सत्संग से ही मिलेगी . रतलाम से आए स्वामी देवस्वरूप महाराज ने कहा कि संतों की कृपा से ही हम अपनी आत्मा के सत्य, आनंद और चेतन्य स्वरूप को पहचान सकते हैं . डाकोर से आए वेदांताचार्य स्वामी देवकानंदन दास ने कहा कि वेदांत का अध्ययन मनुष्य को संस्कारित और वास्तविक ज्ञान से परिपूर्ण बनाता है .